पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने गणमान्य नागरिकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर दीपावली की बधाईयाँ दी

लखनऊः 19 अक्टूबर, 2017

दीपावली के अवसर पर राजभवन के दरवाजे आमजन के लिए खुले रहे। बड़ी संख्या में लोगों ने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से भेंट कर दीपावली की बधाईयों का आदान-प्रदान किया। राज्यपाल ने राजभवन में गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से भेंट कर बधाईयाँ दी।

राज्यपाल से राज्यमंत्री श्रीमती स्वाती सिंह, जल निगम के अध्यक्ष श्री जी0पटनायक, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति श्री एस0पी0 सिंह, डाॅ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो0 विनय पाठक, शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति डाॅ0 निशिथ राय, प्रमुख सचिव श्री नवनीत सहगल, जिलाधिकारी श्री कौशल राज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, पत्रकारगण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भेंटकर दीपावली की बधाई दी।

इससे पूर्व श्री नाईक ने पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक एवं परिजन सहित राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंट कर दीपावली की बधाईयों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने राजभवन के विभिन्न अनुभागों में तैनात दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को खाद्यान्न व मिष्ठान उपहार स्वरूप भेंट दिया तथा सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। राज्यपाल ने दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि प्रकाश का पर्व सबको आनन्द एवं खुशियाँ दें। अपनी खुशियों में गरीब एवं जरूरतमंदों को भी शामिल कर उनकी जिन्दगी में भी प्रकाश फैलायें। कोशिश करें कि दीपावली के आनन्द के साथ-साथ पर्यावरण की भी रक्षा हो। उन्होंने कहा कि यह प्रशंसा की बात है कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता आयी है।

अंजुम/ललित/राजभवन (403/23)

Mr.Brown